वर्ष: 15 - अंक : 311, मुंबई, बुधवार, 15 अप्रैल, 2026 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर






## कांदिवली में 'सेलिब्रिटी पीस लीग' का आयोजन

### दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस खान की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की बढ़ाई शोभा




(समाचार पृष्ठ 4-5 पर)

# नेस्को सेंटर ड्रग केस में एक्शन

## 6 आरोपी गिरफ्तार, मुंबई के 20 बड़े कॉलेजों को बनाया था निशाना




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** गोरेगांव पूर्व स्थित नेस्को सेंटर में शनिवार को आयोजित 9×9 नामक म्यूजिक पार्टी में ड्रग्स की ओवरडोज से एमबीए की पढ़ाई कर रहे एक छात्र और एक छात्रा की मौत से हड़कंप मच गया है। अब इस मामले के गरमाने के बाद पुलिस का एक्शन तेज हो गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फरमान

## 1 मई से मराठी नहीं तो 'लाइसेंस' नहीं! टैक्सी-रिक्शा चालकों के लिए बदला गया नियम



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में एक बड़ा नीतिगत बदलाव करने का निर्णय लिया है। आगामी 1 मई (महाराष्ट्र दिवस) से, सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जो चालक मराठी बोलने, पढ़ने या लिखने में असमर्थ पाए जाएंगे, उनके लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए जाएंगे। इस निर्णय के कार्यान्वयन के लिए मोटर परिवहन विभाग के 59 क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों को सक्रिय कर दिया गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जो रास्ता चुना गया

**भारत में जन कल्याण का जो रास्ता चुना गया है, वह टिकाऊ नहीं है। हर वर्ष पिछले साल की तुलना में औसतन अधिक कर्ज लेने के बावजूद सरकारें नकदी हस्तांतरण की योजनाओं को सुगमता से नहीं चला पा रही हैं।**

बृहत-मुंबई महानगर पालिका के रिटायर शिक्षक का पेंशन भुगतान ना होने के बचाव में सरकार ने खजाने में पैसा ना होने का तर्क दिया। तो उससे नाराज बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के पास अपने रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए पैसा नहीं है, तो उसे लड़की बहन योजना रोक देनी चाहिए। इस योजना के तहत राज्य की डेढ़ करोड़ महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाते हैं। खुद राज्य के मंत्री ऐसे बयान दे चुके हैं कि इस योजना से राजकोष पर पड़े भारी बोझ के कारण तमाम विभागों के बजट प्रभावित हुए हैं। इस बीच हरियाणा में अस्पतालों के संघ ने संबंधित अधिकारी को पत्र लिख कर कहा है कि 20 अप्रैल तक उनके बकाये का भुगतान नहीं हुआ, तो वे आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को भर्ती करना बंद कर देंगे। पत्र में ध्यान दिलाया गया है कि अस्पतालों का 400 करोड़ रुपये से अधिक बकाया सरकार पर है। आयुष्मान भारत के बारे में ऐसी शिकायतें कई अन्य राज्यों से भी आई हैं। ये खबरें बताती हैं कि भारत में जन कल्याण का जो रास्ता चुना गया है, वह टिकाऊ नहीं है। हर वर्ष पिछले साल की तुलना में औसतन अधिक कर्ज लेने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें नकदी हस्तांतरण की योजनाओं को सुगमता से नहीं चला पा रही हैं। और ऐसा होना अस्वाभाविक नहीं है। यह मूलभूत सिद्धांत है कि कोई अर्थव्यवस्था उत्पादक निवेश और पूंजी निर्माण पर टिकी नहीं है, तो वह उपभोग उन्मुख जन कल्याण को सुनिश्चित नहीं कर सकती। ऋण लेना अपने आप में समस्या नहीं है, बशर्ते उसका उपयोग उत्पादन बढ़ाने या टिकाऊ संपति खड़ी करने में हो रहा हो। इन दोनों प्रक्रियाओं से मांग पैदा होती है, जिससे स्वतः उपभोग बढ़ता है। इस क्रम में सरकार का कर राजस्व बढ़ता है, जिससे वह टिकाऊ जन-कल्याण योजनाओं को चलाने की बेहतर स्थिति में होती है। मगर अपने यहां उलटी राह चुनी गई है। इस बीच चुनावी राजनीति में वोट खरीदने की बढ़ी प्रवृत्ति ने स्थिति और बिगाड़ दी है। उसका परिणाम महाराष्ट्र और हरियाणा जैसी स्थितियां हैं।

# स्मूद और आरामदायक ग्रूमिंग अनुभव के लिए काई इंडिया का क्रॉस फिट वूमेन रेज़र

**मुंबई।** गर्मियों का मौसम आते ही लाइफस्टाइल और पर्सनल ग्रूमिंग की आदतों में बदलाव देखने को मिलता है, और इसके साथ ही व्यक्तिगत देखभाल पर ध्यान भी बढ़ जाता है। ऐसे समय में काई इंडिया का क्रॉस फिट वूमेन रेज़र घर पर ही आसान और रामदायक तरीके से अनचाहे बाल हटाने का एक सुविधाजनक विकल्प है। जापानी तकनीक से तैयार यह रेज़र महिलाओं की त्वचा की नाजुकता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह पतले और मोटे दोनों तरह के बालों को आसानी से हटाने में सक्षम है, जिससे रोज़ाना की ग्रूमिंग सरल और सुविधाजनक बन जाती है। इसमें नारियल तेल युक्त लुब्रिकेटिंग स्ट्रिप दी गई है, जो शेविंग के दौरान त्वचा को नमी और सुकून देती है और रूखापन व जलन को कम करने में मदद करती है। इसका मल्टी-ब्लेड सिस्टम टाइटेनियम




कोटिंग के साथ आता है, जिससे ब्लेड जंग से सुरक्षित रहते हैं। वहीं पीटीएफई तकनीक कम दबाव में बाल हटाने में सहायक होती है, जिससे त्वचा अधिक मुलायम और स्मूद महसूस होती है। रेजर में दिया गया पिवोटिंग हेड शरीर के आकार के अनुसार आसानी से घूमता है, जिससे बेहतर नियंत्रण मिलता है और शेविंग का अनुभव सहज और आरामदायक बनता है। इसका डिज़ाइन क्लोज़ और समान शेव सुनिश्चित करता है, जो नियमित उपयोग के लिए उपयुक्त है। शेविंग के दौरान मृत त्वचा कोशिकाएँ भी हटती हैं, जिससे त्वचा साफ और ताज़गी भरी महसूस होती है। क्रॉस फिट वूमेन रेज़र के बारे में काई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री केइजिरो ताकासागो ने कहा, "काई इंडिया में हम जापानी सटीकता और सोच- समझकर किए गए डिज़ाइन को एक साथ लाकर ऐसे उत्पाद बनाते हैं जो रोज़मर्रा की ज़रूरतों को बेहतर बनाते हैं। क्रॉस फिट वूमेन रेज़र को इस तरह तैयार किया गया है कि यह कोमल, प्रभावी और आरामदायक शेविंग अनुभव दे, जिससे व्यक्तिगत देखभाल आसान और प्रभावी बन सके।" 299 की कीमत पर उपलब्ध यह क्रॉस फिट वूमेन रेज़र काई इंडिया की वेबसाइट और प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। 1908 में जापान के सेकी शहर में स्थापित काई समूह अपने उच्च गुणवत्ता वाले ब्यूटी और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों के लिए जाना जाता है। उत्कृष्ट कारीगरी और उपयोगी डिज़ाइन के साथ काई ऐसे उत्पाद प्रस्तुत करता है जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनते हैं। भारत में काई ने राजस्थान के नीमराना में 30,000 वर्ग मीटर में फैली अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित की है। 800 वर्षों से अधिक पुरानी जापानी ब्लेड निर्माण परंपरा के साथ, यह ब्रांड अब भारतीय घरों के लिए किचनवेयर, ब्यूटी और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद उपलब्ध करा रहा है। मजबूत अनुसंधान एवं विकास और उन्नत तकनीक के साथ काई इंडिया का लक्ष्य हर भारतीय घर में एक भरोसेमंद नाम बनना है।

# ऐतिहासिक पहल पर सम्मान : मधुबनी में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना पर रविन्द्र राम का भव्य अभिनंदन

**संवाददाता मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** आज भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती के पूर्व संध्या पर परम आदरणीय श्री रवीन्द्र राम जी इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष एससी एसटी थाना मधुबनी को पुलिस एसोसिएशन मधुबनी के जिला अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने, बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी भारत रत्न संविधान निर्माता की आदम कद प्रतिमा थाना परिसर में स्थापित किए जाने पर मधुबनी जिले के सभी बहुजन संगठन के द्वारा संयुक्त रूप से अभिनंदन समारोह आयोजित कर श्री रविन्द्र



राम को अभिनंदन किया गया अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए बलराम पासवान जिला अध्यक्ष बहुजन बुद्धिजीवी मंच मधुबनी ने इनके ऐतिहासिक महत्व के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि मधुबनी जिले के इतिहास में आपका और आपके सहयोगी पदाधिकारियों का नाम दर्ज हो गया, समारोह में महेश कुमार पासवान जिला अध्यक्ष प्रधानाध्यापक शिक्षक संघ आलोक देवराज भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कपिल कुमार प्रदेश कार्यकारिणीसदस्य, पिंकी कुमारी महिला सेल जिला अध्यक्ष अरुण कुमार पासवान जिला उपाध्यक्ष मयंक कुमार यादव समाजसेवी महात्मा मुनेश्वर दास प्रोफेसर शिवकुमार पासवान दरोगा कैलाश पासवान सहकर्मी संजय कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# वर्तक नगर पुलिस की शानदार कार्रवाई : 24 घंटे में चोरी का खुलासा

मुंबई। वर्तक नगर पुलिस स्टेशन ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और कार्यकुशलता का परिचय देते हुए चोरी के एक मामले का महज 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शिकायतकर्ता की वृद्ध माता के करीब 5,20,000 मूल्य के 6 तोले सोने के आभूषण चोरी हो गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वर्तक नगर पुलिस के गुन्हे प्रकटीकरण पथक (क्राइम डिटेक्शन टीम) ने तत्परता दिखाते हुए जांच को तेजी से आगे बढ़ाया और तकनीकी व स्थानीय सूचनाओं के आधार पर एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने चोरी गया पूरा मुद्देमाल बरामद कर लिया। मामले की आगे की प्रक्रिया पूरी करते हुए, माननीय न्यायालय के आदेश पर आज बरामद किए गए सभी सोने के आभूषण शिकायतकर्ता को विधिवत वापस सौंप दिए गए। इस सराहनीय कार्य के लिए शिकायतकर्ता और उनकी वृद्ध माता ने वर्तक नगर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हौं सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंबई में वर्ल्ड मेमन डे महा एक्ज़िबिशन के साथ जोश-और-ख़रोश के साथ अनोखे अंदाज में मनाया गया

## एक्ज़िबिशन का उद्घाटन डॉक्टर जहीर काजी और एडवोकेट युसुफ अब्राहनी के हाथों से किया गया





**संवाददाता/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के साबु सिद्दीक कॉलेज के ग्राउंड में तारीख 11 अप्रैल 2026 को वर्ल्ड मेमन डे के पूरनुर मौके पर ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन ने ग्रेस नेटवर्क के मिलकर एक महा एक्जिबिशन का इंतेजाम किया एक्जिबिशन का उद्घाटन चिफ गेस्ट डॉक्टर जहीर काजी और गेस्ट ऑफ ऑनर एडवोकेट युसुफ अब्राहनी के हाथों से रिबीन काट कर किया गया।

इस मौके पर महेमानों में युके वूस्टर लंडन से ग्रिहम लंडन, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के एक्स प्रेसिडेंट डॉक्टर नाशीर फुलारा, निजामुद्दीन राईन, कमाल मांडलेकर, महेमुद हाकीमी, इमरान अल्वी, मतीन खान, मुंब्रा समाचार के अनवर नुरी, डॉक्टर कृष्ण कांत ढेबरी, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छीवाला, युथ विंग चेयरमैन इमरान फ्रुटवाला, सिनियर वाईस प्रेसिडेंट सोहैल खंडवानी, जोइंट सेक्रेटरी युसुफ भाई मल्कानी, वाईस प्रेसिडेंट इल्यास भा कापडीया सुरत, स्पोर्ट्स विंग चेयरमैन आशीफ अबाजुमा, लेडिज विंग



चेयरपर्सन रजिया बाई चश्मावाला, मेरेज ब्यूरो कन्वेनर नशीमा बाई सुरती, अशमा कपाडीया, शिनीन सुरती, समेत कई सारे सोश्यल इंफ्लुएंसर, सोश्यल एक्टिविस्ट, मौजूद रहे। प्रोग्राम का आगाज़ कुरान शरीफ की तीलावत से किया गया। बाद में निजामुद्दीन राईन और इमरान फ्रुटवाला ने निजामत के फराईज को अंजाम दिया। इस महा एक्जिबिशन को ग्रेस नेटवर्क के तारीक मेमन और उनकी पुरी टीम ने बखूबी अंजाम दिया और पुरा एक्जिबिशन तैयार करवाया। इस खास मौके पर फाइन टच दीनीयाती तालीम इदारे के नाबीना बच्चों ने बिना देखे कुरान शरीफ की तिलावत कर सभी को प्रभावित किया। और अपनी काबिलियत से यह बताया कि वे नाबीना होते हुए भी कीस तरहां कुरान शरीफ पढ़ सकते हैं जिसने सभी का दिल जीत लिया। बाद में लेडिज विंग चेयरपर्सन रजिया बाई चश्मावाला ने अपने खयालात पेस किए। ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन और इकबाल मेमन ऑफिसर के बारे में रोशनी डाली, प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर ने अपने तासुरात में बताया कि वर्ल्ड मेमन डे पुरी दुनिया में मनाया जाता है आज इस दिन में दुनिया भर में मेमन कॉम्युनिटी एक प्लेटफॉर्म पर आकर गरिबों की मदद करते हैं, भलाईयत कामों को अंजाम देते हैं। साथ उन्होंने मालेगांव, भुसावल, जलगांव की कॉलेज और स्कुल के बारे जानकारी देते हुए ताउन के लिए भी अपील की। वहीं इमरान फ्रुटवाला ने ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के कामों के बारे में रोशनी डाली और युथ विंग कीस तरहां कामों को अंजाम देती है साथ में युथ विंग की 145 प्लस टीम देश भर में बन चुकी है और 100 से भी ज्यादा टीमों ने मुख्तलिफ शहरों में वर्ल्ड मेमन डे को सेलिब्रेट किया है कहीं पर मेडिकल चेक अप कैंप, तो कहीं पर ब्लड डोनेशन कैंप, तो कहीं पर यतीमखाना के बच्चों को खाना खिलाने जैसे कामों को अंजाम दिया गया। डॉक्टर जहीर काजी ने भी वर्ल्ड मेमन डे की मुबारक बादी देते हुए बताया कि मेमन कॉम्युनिटी में जिस तरह इकबाल मेमन ऑफिसर चेरिटी के कामों को अंजाम दे रहे हैं साथ में एड्युकेशन में आगे आ रहे हैं ये बहुत बड़ा कदम उठाया है। पुरी दुनिया में वर्ल्ड मेमन डे के दिन मेमन कॉम्युनिटी एक प्लेटफॉर्म पर एक साथ मिलकर गेट-टुगेदर कर रहे हैं ये बड़ी मिसाल है। प्रोग्राम में आए हुए सभी महेमानों का शोल पहेनाकर इस्तकबाल किया गया बाद में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की पुरी टीम ने गुब्बारे उड़ाए गए और दुनिया भर की मेमन कम्युनिटी के साथ-साथ सभी कॉम्युनिटी के लोगों को वर्ल्ड मेमन डे की मुबारकबाद पेश की गई। इसी के साथ यह प्रोग्राम बेहद शानदार और कामयाब अंदाज़ में अपने इख्तिताम को पहुँचा।

# तासगांव में जय भारत इन्फोटेक एवं अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार संगठन ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती मनाई

**सांगली/महाराष्ट्र।** महामानव भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती के मौके पर तासगांव में एक बड़ा और जोश से भरा प्रोग्राम रखा गया। यह प्रोग्राम इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन, सांगली डिस्ट्रिक्ट और जय भारत इन्फोटेक के साथ मिलकर तासगांव में जय भारत इन्फोटेक ऑफिस में हुआ। प्रोग्राम की शुरुआत में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन सांगली के वाइस प्रेसिडेंट मा डॉ. विद्यासागर कांबले ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने मौजूद लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दीं और अंबेडकर के विचारों की अहमियत बताई। सांगली डिस्ट्रिक्ट वाइस प्रेसिडेंट श्री. कृष्ण नाना म्हेत्रे ने अपनी स्पीच में भारतीय



समाज के निर्माण और संविधान बनाने में डॉ. अंबेडकर के अनमोल योगदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी से सामाजिक समानता के संदेश को अमल में लाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइज़ेशन के सांगली ज़िला प्रेसिडेंट और जय भारत इंफोटेक के मालिक अनवर इनामदार ने की। उन्होंने मौजूद सभी गणमान्य लोगों और नागरिकों का दिल से शुक्रिया अदा किया। जयंती के मौके पर मौजूद लोगों को चाय और जलेबी बांटी गईं, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी अच्छा हो गया। इस मौके पर सुश्रुत हॉस्पिटल के डॉ. विद्यासागर कांबळे, ग्राहक पंचायत महाराष्ट्र पुणे डिविजनल सहसंघाटक आलमशाहा मोमिन, कवठे महांकाल तहसील ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइज़ेशन के अध्यक्ष अशोक हिरगुडे, सांगली जिला सहसचिव दीपक पाटिल, सांगली जिला प्रेस सेक्रेटरी गौस नदाफ, सामाजिक कार्यकर्ता भरत नाना थोरात, सीनियर सिटिज़न बाबू अण्णा थोरात, पत्रकार संभाजी माळी और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**बिहार के भावी मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी को पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देते महाराष्ट्र भाजपा नेता श्री अर्जुन गुप्ता।**

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## नेस्को सेंटर ड्रग केस में एक्शन

इस हाई-प्रोफाइल पार्टी में मुंबई के कई नामी-गिरामी 20 से अधिक कॉलेजों व संस्थानों के करीब साढ़े तीन हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। बताया जा रहा है कि पार्टी के दौरान बड़ी संख्या में युवक-युवतियां नशे में चूर थे। देर रात करीब 12:30 बजे के आसपास कुछ छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि ड्रग्स की ओवरडोज के कारण उनकी हालत गंभीर हुई। बीमार पड़े छात्रों को तुरंत बॉम्बे अस्पताल और लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक छात्र और एक छात्रा ने दम तोड़ दिया। मृतक छात्र-छात्रा मुंबई के प्रतिष्ठित एमबीए संस्थान के छात्र बताए जा रहे हैं। मृतक युवक की पहचान विस्मत बसिन 28 वर्ष, छात्रा की उम्र श्रेया 24 वर्ष बताई जा रही है। जबकि शीतल नामक युवती अस्पताल में भर्ती है। मुंबई पुलिस के जोन 12 के डीसीपी महेश चिमटे ने कहा कि इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों में पार्टी का आयोजक विहान उर्फ आकाश सामल, नेस्को सेंटर के व्यवस्थापक सनी जैन, मुख्य सुरक्षा व्यवस्थापक बालकृष्ण कुरुप के अलावा कॉलेज के छात्र और कथित ड्रग्स पैडलर रौनक खंडेलवाल, आनंद पटेल और प्रतीक पांडे शामिल है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस पार्टी की भनक लोकल वनराई पुलिस स्टेशन को क्यों नहीं लगी। उनकी हद में ड्रग्स पार्टी चल रही है और वह अपने आप में मस्त हैं। बड़ा सवाल यह है कि नेस्को (NESCO) सेंटर में कई बड़े सरकारी और निजी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके बावजूद वहां इस तरह की ड्रग्स पार्टी के आयोजन की मंजूरी देने पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**किन चीजों की कर रही जांच :** इस पार्टी के आयोजन का उद्देश्य म्यूजिक कंसर्ट की आड़ में ड्रग्स पार्टी करना था। किस शख्स ने पार्टी में प्रतिबंधित ड्रग्स व अन्य पदार्थों की सप्लाई की। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों की मौजूदगी और कथित रूप से खुलेआम ड्रग्स की बिक्री के बावजूद नेस्को प्रबंधन और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने कार्रवाई क्यों नहीं की। इस पार्टी का आयोजन करने वाला छात्रों को किस तरह के प्रलोभन दिए गए थे।

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फरमान

यह मामला तब और गंभीर हो गया जब भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ प्रवासी और विदेशी नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निवास प्रमाण पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस हासिल कर लिए हैं इस शिकायत के बाद सरकार ने न केवल भाषा परीक्षण बल्कि दस्तावेजों के पुनः सत्यापन का भी आदेश दिया है। नियमों की अनदेखी कर लाइसेंस जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रताप सरनाईक ने कहा कि परिवहन विभाग को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि मुंबई, नागपुर और छत्रपति संभाजी नगर जैसे बड़े शहरों में कई टैक्सी और रिक्शा चालक स्थानीय यात्रियों से मराठी भाषा में संवाद नहीं कर पाते हैं। कई मामलों में चालक जानबूझकर मराठी बोलने से कतराते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है।











# कांदिवली में 'सेलिब्रिटी पीस लीग' का आयोजन, युद्ध के माहौल में दिया शांति का संदेश

## दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस खान की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की बढ़ाई शोभा



**मुंबई।** मुंबई के कांदिवली ईस्ट स्थित ठाकुर स्पोर्ट्स ग्राउंड में 14 अप्रैल 2026 को "सेलिब्रिटी पीस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट" का भव्य आयोजन किया गया। वैश्विक स्तर पर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच इस टूर्नामेंट के माध्यम से शांति और एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक मुंबई हलचल अखबार के संपादक दिलशाद एस खान, अजय एल दुबे, बीएमसी के डिप्टी कमिश्नर रामदास जी, शाहबाज दिलशाद खान सहित कई गणमान्य अतिथि एवं सेलिब्रिटी उपस्थित रहे। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिकंदर अली कुरेशी, राहुल राज सिंह, सलोनी शर्मा सिंह, गुलाब नेगी और मनीष मौरिया द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में दो टीमों - "पीस इंडिया A" और "पीस इंडिया B" - ने भाग लिया। दोनों टीमों के बीच 15-15 ओवर का रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें "पीस इंडिया A" ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बल्लेबाज जैसे पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस तरह खेल और एकता के संदेश के साथ टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ।







दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अंबेडकर जयंती पर मधुबनी में श्रद्धांजलि : अधिकारियों ने माल्यार्पण कर समभाव, शिक्षा और विकास का दिया संदेश

**मधुबनी संवाददाता**

जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार सहित कई वरीय अधिकारियों ने मंगलवार को नगर भवन के पास स्थापित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान के निर्माण में बाबासाहेब के योगदान को दुनिया जानती है। उन्होंने कहा कि देश में वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हमारे संविधान में पर्याप्त कदम उठाए गए। इसका प्रतिफल हुआ कि समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर आगे बढ़ने की मूल भावना से आज हमारा देश विकास के पथ पर अग्रसर है।



उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर हम सभी को इस बार का संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम समभाव के साथ जिन रास्तों पर चल रहे हैं, उसी तरीके से आगे बढ़ते रहें और देश के विकास में सभी वर्ग के लोग अपना योगदान देते रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी हमेशा बाबा साहब की बातों से दिशाबोध प्राप्त करते हैं। हमें उनके गुणों से हमेशा प्रेरणा हासिल करनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी बाबा साहब की जयंती के अवसर पर संकल्प लें कि अपने आस-पास के बच्चों को शिक्षित करने में अपना योगदान अवश्य दें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनों से सरकारी जमीन के अतिक्रमण के संबंध में जानकारी दें, ताकि उसकी जांच करवाकर उसे खाली करवा कर आमजनों के हित के लिए सरकारी कार्य मे लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सोशल मीडिया के माध्यम से गूगल शीट के द्वारा सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन में शिक्षकों के द्वारा लापरवाही बरतने की आमजनों से जानकारी मांगी जायेगी। जिसकी जांच कराकर संबंधित शिक्षकों को चिन्हित कर कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के पढ़ाई में किसी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जायेगी। कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार सहित अन्य के द्वारा भी संबोधित किया गया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमन प्रसाद साह, अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन, डीपीआरओ,परिमल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर चंदन कुमार झा सहित कई अधिकारियों एवं शंकर कुमार पासवान, संगठन के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। बीओबी ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है।

### ईरान संघर्ष लंबा खिंचने पर कंपनियों की कमाई पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई (भाषा)।** कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। इसमें आगे कहा गया कि तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं। बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया, ''हमें कॉरपोरेट आय में कुछ गिरावट के जोखिम की आशंका है। खासकर यदि यह संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक चलता है, तो ऐसा हो सकता है।''

## निफ्टी 24,700 के पार, ऑटो और एनर्जी शेयर्स में खरीदारी

# शेयर बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा

*वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.84 % बढ़कर 82.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल*

मुंबई हलचल / मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 285 अंक की तेजी रही। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 285.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ। इसके साथ बाजार में लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरग्लोब एविएशन प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.84 प्रतिशत बढ़कर 82.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।



**बाजार में लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थमा**

### एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, 'भारतीय शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इसके साथ कई दिनों से जारी तेज गिरावट का सिलसिला थम गया। पश्चिम एशिया के संघर्ष के छठे दिन में प्रवेश करने के साथ, स्थिति के समाधान या और अधिक बढ़ने को लेकर अनिश्चितता है। इससे बाजार प्रतिभागियों ने सतर्क रुख अपनाया है और वे सोच-विचार कर कारोबार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछले सत्रों में जो घबराहट देखने को मिली थी, उसमें अब कुछ कमी देखी जा रही है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इंडिया उतार-चढ़ाव सूचकांक (इंडिया वीआईएक्स) हाल के उच्च स्तर से 15 प्रतिशत से अधिक नीचे आया है।'

### ये भी मजबूत रहे

छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.74 प्रतिशत उछला जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.36 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,803 शेयर लाभ में रहे जबकि 1,453 में गिरावट आई। वहीं 141 के शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### यूरोप के बाजार बढ़े

यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,752.65 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,068.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 1,122.66 अंक टूटकर 79,116.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 385.20 अंक की गिरावट के साथ 24,480.50 अंक पर रहा था।

### पेट्रोलियम कंपनियों के शेयर दो दिन की गिरावट के बाद बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली (भाषा)।** दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयरों में बढ़त देखी गई। निचले स्तर पर लिवाली और बाजार में सुधार के कारण हिंदुस्तान पेट्रोलियम का शेयर 4.19 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम का 1.19 प्रतिशत और इंडियन ऑयल का 0.59 प्रतिशत बढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स चार दिन की गिरावट के बाद 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत बढ़कर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले पश्चिम एशिया में गहराते संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के चलते बुधवार को इन कंपनियों के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई थी। पिछले चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थामते हुए बीएसई सेंसेक्स 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की मजबूत बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 285.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,765.90 अंक पर बंद हुआ।


MALABAR
GOLD & DIAMONDS
artistry
SHOW
ART IN EVERY JEWEL
9th - 19th April, 2026
EXPERIENCE
WEARABLE ART
Bharat Arize, Bangur Nagar, Goregaon West.
0224 5192 916, 09562 916 916



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आलिया ने खास अंदाज में मनाई शादी की सालगिरह





बॉलीवुड के पावर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर मंगलवार को अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर बेहद खूबसूरत अंदाज में रणबीर के लिए अपना प्यार जाहिर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वैकेशन की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिसमें दोनों बर्फीली वादियों में क्वालिटी टाइम बिताते नजर आए। आलिया भट्ट ने अपने पोस्ट में भावुक कैप्शन लिखते हुए कहा कि कभी उड़ते, गिरते, चलते और ढेर सारी बातें करते हुए हमने साथ में एक खूबसूरत दुनिया बना ली है। तू साथ है तो हर दिन और हर रात बेहतर लगती है। आलिया भट्ट का यह पोस्ट फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस कपल को ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस खास दिन पर कपल के परिवार वालों ने भी उन्हें बधाई दी। आलिया की मां सोनी राजदान ने एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए दोनों को आशीर्वाद दिया और उनके रिश्ते के लिए ढेर सारा प्यार जताया। वहीं रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर ने भी अपने बेटे और बहू को सालगिरह की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपनी "दिल की धड़कन" बताया। रणबीर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने भी सोशल मीडिया पर कपल के लिए प्यारा संदेश साझा किया। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की प्रेम कहानी फिल्म ब्रह्मास्त्र के सेट से शुरू हुई थी। हालांकि, आलिया भट्ट पहले से ही रणबीर को पसंद करती थीं और कई इंटरव्यू में यह बात कबूल कर चुकी थीं। शूटिंग के दौरान दोनों करीब आए और उनका रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत होता गया। दोनों ने साल 2022 में मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर 'वास्तु' में बेहद निजी समारोह में शादी की थी, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। शादी के कुछ महीनों बाद, 6 नवंबर 2022 को कपल ने अपनी बेटी राहा कपूर का स्वागत किया। पेरेंटहुड एंजॉय करने के साथ-साथ दोनों अपने करियर में भी सक्रिय हैं। 'ब्रह्मास्त्र' के बाद अब यह जोड़ी फिल्म लव एंड वॉर में एक बार फिर साथ नजर आएगी। आलिया और रणबीर का यह खास दिन उनके फैंस के लिए भी किसी जश्न से कम नहीं है, जो इस कपल को बॉलीवुड के सबसे प्यारे और मजबूत रिश्तों में से एक मानते हैं।



# मृणाल ठाकुर की 'डकैत' की कमाई पर लगा ब्रेक

**डकैत** ने सिनेमाघरों में रिलीज के बाद ठीक-ठाक शुरुआत जरूर की, लेकिन उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा सकी। अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर स्टारर इस रोमांटिक-एक्शन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला, जिसका असर इसकी कमाई पर साफ नजर आ रहा है। फिल्म ने पहले दिन 6.55 करोड़ रुपये से ओपनिंग की थी, जिसके बाद दूसरे दिन यानी शनिवार को 6.85 करोड़ का कलेक्शन हुआ। हालांकि रविवार को फिल्म की कमाई में गिरावट आई और यह 6.40 करोड़ पर सिमट गई। वीकेंड के बाद सोमवार को फिल्म को बड़ा झटका लगा और यह सिर्फ 2.30 करोड़ ही कमा पाई। लेकिन मंगलवार को 'डकैत' ने थोड़ी रिकवरी दिखाई और 5वें दिन करीब 3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म का कुल 5 दिनों का नेट कलेक्शन 25.50 करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि यह आंकड़ा उम्मीद से कम माना जा रहा है। 'डकैत' की धीमी कमाई के पीछे सबसे बड़ा कारण धुरंधर: द रिवेंज का मजबूत बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन है।

# सनी फिर दिखाएंगे देशभक्ति का दम

**सनी देओल** की फिल्म बॉर्डर और बॉर्डर 2 की सफलता के बाद अब मेकर्स ने 'बॉर्डर 3' को लेकर बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने फिल्म की प्लानिंग शुरू कर दी है और इस पर शुरुआती काम भी चल रहा है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया है, क्योंकि 'बॉर्डर' फ्रेंचाइजी भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय वॉर फिल्मों में से एक रही है। फिल्म में एक बार फिर सनी देओल लीड रोल में नजर आ सकते हैं। पिछली फिल्मों की तरह इस बार भी उनका किरदार देशभक्ति और जज्बे से भरपूर होगा। 'बॉर्डर' सीरीज में सनी देओल का दमदार डायलॉग डिलीवरी और देश के प्रति समर्पण दर्शकों के दिलों को छूता रहा है। यही वजह है कि तीसरे पार्ट से भी फैंस को काफी उम्मीदें हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो 'बॉर्डर 3' को बड़े स्तर पर बनाने की योजना है और इसे साल 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों में शामिल किया जा सकता है। फिल्म में आधुनिक तकनीक, बड़े एक्शन सीक्वेंस और दमदार कहानी देखने को मिल सकती है। मेकर्स इस बार कहानी को और ज्यादा इमोशनल और भव्य बनाने की तैयारी में हैं, ताकि दर्शकों को सिनेमाघरों में एक अलग अनुभव मिल सके। इसी बीच जेपी फिल्म्स एक और बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही है, जो भारतीय वायुसेना पर आधारित होगा। बताया जा रहा है कि यह फिल्म वॉर जोन से हटकर एक नई शैली में बनाई जाएगी और इसमें फैंटेसी एडवेंचर का तड़का भी हो सकता है। इस प्रोजेक्ट में भी सनी देओल के कैमियो की संभावना जताई जा रही है, जिससे फैंस के बीच उत्सुकता और बढ़ गई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सनी देओल के पास कई बड़ी फिल्में पाइपलाइन में हैं। इनमें लाहौर 1947, रामायण, बाप और गबरू जैसी फिल्में शामिल हैं। खासतौर पर Ramayana में हनुमान के किरदार में उनका नया अवतार देखने को मिलेगा, जो उनके करियर का एक अलग अध्याय साबित हो सकता है। 'बॉर्डर 3' को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, लेकिन जिस तरह से इसकी तैयारी की खबरें सामने आ रही हैं।

